
# Page Three Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# परिसंपत्तियों के मामले में उत्तर प्रदेश के सामने किया आत्मसमर्पण

**आरोप**

## पूर्व सीएम हरीश रावत का धामी सरकार पर आरोप



**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने धामी सरकार पर राज्य की परिसंपत्ति बटवारे के मामले में उत्तर प्रदेश सरकार के सामने आत्मसमर्पण करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इसका विरोध करेगी। उन्होंने 18 नवंबर को काले दिन के रूप में मनाने की घोषणा की।

देहरादून स्थित कांग्रेस भवन में पूर्व सीएम हरीश रावत, नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह और प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड सरकार पर जमकर हमला बोला। साथ ही परिसंपत्तियों के बंटवारे के मामले को लेकर भी सरकार को आड़े हाथ लिया। हरीश रावत ने कहा कि इस मामले को लेकर सड़क से सदन में विरोध किया जाएगा।

साथ ही राज्यपाल को भी ज्ञापन सौंपा जाएगा। कांग्रेस पार्टी अदालत का दरवाजा भी खटखटाएगी।

## यूपी के साथ परिसंपत्तियों के बंटवारे के बाद मुख्यमंत्री धामी पहुंचे दून, किया स्वागत



देहरादून। शनिवार को उत्तर प्रदेश के साथ परिसंपत्तियों के बंटवारे के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के देहरादून आगमन पर महिला मोर्चा अध्यक्ष कमली भट्ट के नेतृत्व में मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया और एक रैली के साथ उनको पुलिस लाइन से मुख्यमंत्री आवास तक ले जाया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के साथ परिसंपत्तियों के बंटवारे का मामला जो कई वर्षों का लंबित था मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में सुलझा लिया गया है। इससे उत्तराखंड को काफी लाभ होगा।

## न्यूज डायरी

### वर्क) के कार्यकर्ताओं ने गुरु नानक देव जी की जयंती पर बधाई दी

**संवाददाता** देहरादून। वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन रिलीजन एंड नॉलेज (वर्क) के कार्यकर्ता गुरुद्वारा सिंह सभा आढ़त बाजार देहरादून में गुरु नानक देव जी की जयंती के अवसर पर सभी सिख भाइयों और देश वासियों को बधाई दी मिठाइयों,चाकलेट टॉफियों का वितरण किया और पैगम्बर मोहम्मद साहब, गुरु नानक देव जी, कुरान मजीद, और गुरुग्रन्थ साहब की शिक्षाओं से लिखे कार्ड सभी को वितरित किये वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी धर्मों के मानने वाले मानव एक ही खुदा के बंदे हैं सभी धर्म इंसानियत और इंसानों से प्यार करना सिखाते है हमे मिल जुल कर रहना चाहिए एक दूसरे की खुशी गम और पर्वों में शामिल होना चाहिए। देश व हिन्दू ,मुस्लिम,सिख,ईसाई भाई चारे एकता को मजबूती मिलेगी।

### सीएम की घोषणाएं गंभीरता से न लेने पर फटकार

**संवाददाता** अल्मोड़ा। बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने मुख्यमंत्री की घोषणाओं को गंभीरता से लेने को कहा। उन्होंने जल्द विकास कार्यों के आगणन बनाकर प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए। शनिवार को बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने विधानसभा सोमेश्वर के लिए की गई मुख्यमंत्री की घोषणाओं की प्रगति को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने लंबित योजनाओं के कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के तहत हुई घोषणाओं के संबंध में अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि वे अपनी कार्य प्रणाली में सुधार लाते हुए जल्द कार्य पूर्ण करें। जिन मोटर मार्गों का सर्वे नहीं किया गया है, उनमें सर्वे पूर्ण करें।

### साइंस डिवाइन फाउंडेशन के शिविर में देश–विदेश से पहुंचे सैकड़ों साधक

**संवाददाता** हरिद्वार। साइंस डिवाइन फाउंडेशन के तीन दिवसीय आवासीय ध्यान साधना शिविर का शुक्रवार को उद्घाटन करते हुए फाउंडेशन के संस्थापक व मार्गदर्शक साक्षी ने कहा कि ध्यान मनुष्यता के संकटों के निवारण की कुंजी है। यही वह एकमात्र रास्ता है जिसके माध्यम से व्यक्ति शरीर के तल से उपर उठकर अपने अंदर छिपे देवत्व को देख सकता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य आज कामनाओं के जाल में फंस कर अपनी सुख शांति गंवा बैठा है। इनमें बहुत सी कामनाएं तो ऐसी होती हैं जिनके बारे में हमें खुद नहीं पता कि ये हमारे लिए शुभ हैं या अशुभ। कामनाओं के इस जाल को काटना और सत चित आनंद की स्थिति को प्राप्त होने का नाम ही ही ध्यान है। उन्होंने "एक गलत धारणा यह है कि ध्यान सिर्फ उन्हीं के लिए है जो जीवन में आध्यात्मिक उन्नति के आकांक्षी हैं।

## गंगोत्री हाईवे के रमोल गांव में पास बस पलटी, नौ यात्री घायल

**संवाददाता** कंडीसौड़ (टिहरी)। ऋषिकेश–गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर कंडीसौड तहसील के राजस्व क्षेत्र बयाड़गांव के अंतर्गत रमोल गांव के पास बस के सड़क पर पलटने से उसमें सवार नौ यात्री घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी छाम पहुंचाया गया। इनमें से तीन घायलों को ऋषिकेश और चार घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया गया है। यात्रियों का आरोप है कि बस चालक शराब पिए हुए था।

हरिद्वार से उत्तरकाशी जा रही सवारी बस (यूके 14 पीए–0548) आज शनिवार दोपहर करीब 12 बजकर 15 मिनट पर राष्ट्रीय राजमार्ग के रमोल गांव के पास अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इसमें घायल नौ लोगों को 108 सेवा से सीएचसी छाम भर्ती कराया गया। जिनमें गंभीर घायल कविता (30 वर्ष) पत्नी अरविंद, आराध्या (5 वर्ष) पुत्री अरविंद निवासी ग्राम मंजरुवाल पो. मैंडखाल टिहरी गढ़वाल, मिथलेश (50 वर्ष) पत्नी विनोद कुमार तीनों को एम्स ऋषिकेश भिजवाया गया है। जबकि लाल बहादुर (33 वर्ष) पुत्र टेक नारायण ठाकुर जो आइटीबीपी 12 बटालियन मातली में कार्यरत है निवासी झारखंड, भक्त बहादुर (36 वर्ष) पुत्र सरंजन सिंह निवासी नेपाल, सुमन नासकर (27 वर्ष) पुत्र शंकर नासकर, मधुमिता (22 वर्ष) पत्नी सुमन नासकर निवासी कोलकत्ता पश्चित बंगाल को जिला अस्पताल बौराड़ी के लिए रेफर किया गया। सामान्य घायल हेमराज (38 वर्ष) पुत्र मांगले निवासी नेपाल, प्रियंका (19 वर्ष) पुत्री शंकर नासकर कोलकत्ता पश्चिम बंगाल को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।



शहीद हवलदार कुंदन सिंह खड़ायत की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए रक्षामंत्री

**संवाददाता** देहरादून। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मणेगांव तिराहा ,पिथौरागढ़ में कारगिल युद्ध के दौरान शहीद हुए हवलदार कुंदन सिंह खड़ायत की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। केंद्रीय रक्षा मंत्री एवं मुख्यमंत्री ने शहीद के परिवार जनों से मुलाकात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट , सांसद अजय टम्टा, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी , कैबिनेट मंत्री बिशन सिंह चुफाल ,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक भी मौजूद थे।

## यह समय केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां बताने का: भाजपा प्रदेश प्रवक्ता

**संवाददाता** बागेश्वर। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सुरेश चंद्र जोशी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने बेहतर काम किया है। स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली, पानी के इतर भी विकास हुआ है। यह समय सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच ले जाने का है। आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी पूरे प्रदेश में बेहतर प्रदर्शन करने जा रही है।

शनिवार को भाजपा कार्यालय मंडलसेरा में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन को प्रदेश प्रवक्ता जोशी संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की प्रत्येक उपलब्धि को चाहे वह सड़कों की हो या फिर देश की आंतरिक सुरक्षा की। श्रीराम मंदिर का



निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर नल से जल जैसे विकास धरातल पर तैर रहे हैं। कोरोनाकाल के बावजूद देश का विकास तेजी से हो रहा है। इसके पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है।

किसान तीन कानून को लेकर आंदोलित थे। जिस पर भी केंद्र ने बड़ा निर्णय लिया है और प्रधानमंत्री ने स्वयं बिलों को समाप्त कर दिया है। कहा कि विपक्षियों ने देश में अस्थिरता पैदा करने की कोशिश की, लेकिन सरकार ने बेहतर प्रबंधन किया है।

प्रदेश में सड़कों का जाल बिछ रहा है। स्वास्थ्य सुविधाएं पहले से बेहतर हुई हैं। शिक्षा के क्षेत्र में अभिनव प्रयोग हो रहे हैं। आयोजित बैठक की अध्यक्षता तारा सिंह रावत और संचालन सुरेश कांडपाल, राजेंद्र परिहार ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट ने अतिथियों का स्वागत किया। जिपंअ बसंती देव, रणजीत सिंह भंडारी, दयाल ऐठानी, गोविंद टंगड़िया, सुरेश गढ़िया, मनोहर राम, नीमा धपोला, प्रकाश साह, हरिमोहन ऐठानी आदि को सम्मानित किया गया।

## एलारा फाउंडेशन ने किया उत्तराखंड में "टेलीमेडिसिन प्रोजेक्ट" शुरू

**संवाददाता** चंपावत। एलारा फाउंडेशन ने रॉयल फ्री लंदन नेशनल हेल्थ सर्विस फाउंडेशन ट्रस्ट और डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल ऑफ चंपावत, उत्तराखंड, भारत के साथ एक समझौता किया है। इसके तहत एक "टेलीमेडिसिन प्रोजेक्ट" जो डीएचसी के चिकित्सा पेशेवर, विशेषज्ञ डॉक्टरों, क्लिनिकल फेलो, मेडिकल छात्रों और और विशेषज्ञ नर्सों को विदेशों में वर्चुअल व्यक्तिगत रूप से प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान करेगा। टेलीमेडिसिन सुविधा आरएफएल के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों को मेडिकल गाइड करने में सक्षम बनाएगी ताकि वे जटिल चिकित्सा मामलों को संभालने में डीएचसी के प्रोफेशनल्स के साथ–साथ काम करने के साथ ही अस्पताल के बुनियादी ढांचे को बेहतर कर सकें। आरएफएल इस दौरान वर्ष मे ंविशेषज्ञ डॉक्टरों को भेजने की भी व्यवस्था करेगा जो स्वेच्छा से यात्रा करना चाहते हैं और विकास के लिए डीएचसी में तैनात रहकर प्रोजेक्ट का कार्यान्वयन को सफल बनाने के लिए अपना सहयोग देना चाहते हैं।